हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 10 नवंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा| कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

06 सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर...



07 37 वाहनों का एमवी एक्ट की धाराओं में चालान किया...



## खबर संक्षेप में

### गुर्जर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित



**नलखेड़ा**। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में आगर जिले के नलखेड़ा ब्लॉक से गोविंद गुर्जर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में गोविंद गुर्जर को 347 वोट मिले तथा वह 87 वोटो के बहुमत से निर्वाचित हुए। गुर्जर के अध्यक्ष चुने जाने पर साथियों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। वहीं अपने निर्वाचन पर गुर्जर ने आगर के पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े एवं जिला पंचायत सदस्य जीतू पाटीदार का आभार व्यक्त किया।

### श्रद्धा युवा कांग्रेस की जिला महासचिव निर्वाचित

**नलखेड़ा**। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक परिणाम गत दिनों घोषित हुए। जिसमें बड़ागांव की



श्रद्धा यादव पिता हरिओम यादव जिला महासचिव के पद पर निर्वाचित हुईं। श्रद्धा यादव के निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### सिसोदिया सुसनेर विस अध्यक्ष निर्वाचित

**नलखेड़ा**। गत दिनों भारतीय युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव के परिणाम घोषित हुए। जिसमें ग्राम



बुरलाय बांध निवासी कमलसिंह पिता प्रेमसिंह सिसोदिया सुसनेर विधानसभा अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। सिसोदिया के निर्वाचित होने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं व इष्टमित्रों ने स्वागत कर बधाई दी।

### निजी फिजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर**। निजी फिजियोथेरेपी केंद्रों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय मप्र उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फिजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया है। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा निजी फिजियोथेरेपी केन्द्र बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फिजियोथेरेपी केंद्रों को निर्देशित किया गया है।

### छुट्टी के दिन हुई 40 किसानों की फसल की नीलामी

# मक्का नहीं खरीदे जाने से भड़के किसान मंडी के बाहर दो घंटे किया चक्काजाम

किसानों का कहना था कि दो दिन पहले से खड़ी ट्रॉलियों को छोड़ देर से शुक्रवार को आई ट्रॉलियों की नीलामी की गई। विरोध करने पर व्यापारी मंडी परिसर छोड़कर चले गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





नगर की कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को मक्का की अधिक आवक होने के बावजूद खरीद प्रक्रिया नहीं होने से नाराज़ किसानों ने शाम को मंडी के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। दो घंटे तक चले इस जाम में यात्री बसें, निजी वाहन व एक एम्बुलेंस फंस गई, जिससे मरीज को भी देर तक रास्ता नहीं मिल पाया।

जानकारी के अनुसार, करीब 40 किसानों की उपज की नीलामी नहीं हो सकी थी। किसान दो दिनों से नई कृषि मंडी परिसर राला, परादीपुरा में अपनी ट्रॉलियां लगाए बैठे थे, लेकिन शुक्रवार को भी नीलामी नहीं होने पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि शनिवार, अवकाश के दिन भी खरीदी कर सभी ट्रॉलियों की नीलामी की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद रात करीब आठ बजे जाम हटाया गया।

### किसानों ने लगाया मनमानी का आरोप

किसानों का कहना था कि दो दिन पहले से खड़ी ट्रॉलियों को छोड़ देर से शुक्रवार को आई ट्रॉलियों की नीलामी की गई। विरोध करने पर व्यापारी मंडी परिसर छोड़कर चले गए। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी प्रशासन और व्यापारी मनमानी कर रहे हैं और समय पर नीलामी नहीं कर रहे।

### निर्माण कार्य और अव्यवस्थाओं पर नाराजगी

नई कृषि मंडी में निर्माण कार्य धीमी गति से चलने और अव्यवस्था के कारण भी किसान परेशान हैं। बारिश के बाद जमीन दलदल होने से ट्रॉलियां फंस रही हैं और ट्रैक्टरों को जेसीबी से निकलवाना पड़ रहा है, जिससे वाहनों को नुकसान हो रहा है।

किसानों ने कहा कि न शौचालय है, न बैठने की, न ही सुरक्षा व्यवस्था,पीने के पानी के लिए लगाए गए टैंकर का पानी भी पीने योग्य नहीं है। व्यापारियों को RO का पानी पिलाया जा रहा है। किसानों को टैंकरों का पानी। किसान भी इंसान है। तप्ती धूप में पानी भी गर्म को जाता है उसी पानी को किसान पी रहा है।

### प्रशासन व व्यापारी बैठक के बाद समाधान

प्रशासन और व्यापारियों की बैठक में निर्णय हुआ कि अवकाश के दिन भी मंडी में उपस्थित सभी किसानों की उपज की नीलामी की जाएगी। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा नवीन कृषि ऊपज मण्डी में जो भी आव्यथाएं है उन्हें दो दिनों में पूरा कर दिया जाएगा। कृषि ऊपज मण्डी में फसलों की आवक अधिक होने पर स्थिति उत्पन हुई है। नवीन कृषि ऊपज मण्डी का निर्माण कार्य चल रहा है। ठेकेदार के चर्चा करकाम में तेजी लाने और जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। टोकन लेकर ट्रॉलियां मंडी प्रांगण में व्यवस्थित खड़ी करने की अपील की।

### दो घंटे लगा लंबा जाम, राहगीर होते रहे परेशान

किसानों की ऊपज नीलामी नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार शाम 6 से 8तक नगर की कृषि ऊपज मण्डी के सामने ही अपने वाहनों से दो घंटे तक मुख्य मार्ग को बंद करते हुए चक्काजाम किया। इस दौरान यात्री बसे सैकड़ों लोग वाहनों के साथ जाम में फंसे रहे। जाम में फंसी यात्री बसे अपने निर्धारित समय पर अभी पहुंच पाए। तो वहीं स्थानीय लोग भी जाम में फंसे रहे। इस दौरान मरीज़ को ले जा रही इमरजेंसी एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही।



# आधी रात 3 बजे गांधी रोड पर मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के सबसे व्यस्त बाजार क्षेत्र गांधी रोड और चंद्रशेखर आजाद मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे भीषण अग्निकांड से अफरा तफरी मच गई। गांधी रोड पर स्थित एक कपड़े की दुकान में लगी आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि आसमान में दूर तक धुआं दिखाई देने लगा। इस हादसे में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के मुताबिक रात लगभग 3 बजे मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित कपड़े की दुकान से आग की लपटें उठनी शुरू हुईं। स्थानीय लोगों ने धुआं और आग की भीषणता देखते ही तुरंत एक-दूसरे को सूचित किया और बिना समय गंवाए अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लोगों की सजगता के कारण ही आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोका जा सका, जिससे एक बड़ा व्यावसायिक हादसा टल गया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दुकान में बड़ी मात्रा में कपड़ा सामग्री होने के कारण आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों की कोशिश के बाद जाकर आग को पूरी तरह शांत किया जा सका।

दुकान के मालिक नूर मंसूरी ने इस भीषण अग्निकांड के लिए सीधे तौर पर पास में लगी विद्युत वितरण कंपनी की डीपी को जिम्मेदार ठहराया है। मंसूरी ने आरोप लगाया कि जब यह डीपी लगाई जा रही थी, तभी उन्होंने बिजली अधिकारियों से कपड़े की दुकानों वाले इस संवेदनशील और व्यस्त क्षेत्र में इसे न लगाने का आग्रह किया था, लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात को नजरअंदाज किया। मंसूरी का कहना है कि इसी अनदेखी का खामियाजा आज उन्हें लाखों रुपए के नुकसान के रूप में भुगतना पड़ा है। हालांकि आग लगने का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# उज्जैन में चमके आगर मालवा के 64 वर्षीय धावक, 400 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



उज्जैन में 9 से 10 नवंबर तक आयोजित पांचवीं मास्टर्स स्टेट चैंपियनशिप में आगर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए धावक तुलसीराम प्रजापति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1:37.9 सेकंड के समय के साथ 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

प्रजापति ने शुरू से ही अपनी रफ्तार बनाए रखी और फिनिश लाइन पार करते हुए आगर के लिए गोल्ड मेडल सुनिश्चित किया। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। 400 मीटर दौड़ में शुरुआत से ही जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। ट्रैक पर उज्जैन,रतलाम, शाजापुर के धावकों के बीच कड़ी टक्कर रही। जैसे-जैसे दौड़ अपने अंतिम चरण में पहुंची, आगर के धावक प्रजापति ने अपनी गति बढ़ाई और शानदार अंदाज़ में फिनिश लाइन पार की और आगर जिले को स्वर्ण पदक दिलाया। यही नहीं धावक ने 100 मीटर 17:98 सेकंड ओर 200 मीटर दौड़ 40.25 सेकंड में पूरी कर दोनों ही दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षा विभाग क्रीड़ा अधिकारी कमल राठौर ने धावक तुलसीराम प्रजापति को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रजापति ने अपने समर्पण और मेहनत से यह साबित किया है कि उम्र किसी व्यक्ति को अपने सपने पूरे करने से रोक नहीं सकती। उनका यह प्रदर्शन जिले के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है।

### मैराथन दौड़ के साथ ही न्यायोत्सव का शुभारंभ हुआ

# न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत मैराथन दौड़







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत रविवार को जिला मुख्यालय पर मैराथन दौड़ आयोजित हुई। न्याय के लिए दौड़ प्रत्येक कदम जागरूकता की ओर थीम पर आयोजित मैराथन को जिला न्यायालय परिसर से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। यह मैराथन जिला जेल से होते हुए पुनः न्यायालय परिसर पहुंची, जहां उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समापन किया गया। मैराथन दौड़ के साथ ही न्यायोत्सव का शुभारंभ हुआ।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 नवंबर 2025 से 14 नवंबर 2025 तक प्रत्येक जिले में न्यायोत्सव मनाया जा रहा है, प्रति वर्ष 09 नवंबर को विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में इस वर्ष भी न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अन्तर्गत जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, विधिक साक्षरता शिविर, बाइक रैली, प्रर्दशनी आदि का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा के द्वारा किया जाएगा।

अश्विनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा के निर्देशन में आयोजित मैराथन दौड़ में जिला न्यायालय आगर मालवा के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण, पैरा लीगल वालेंटियर्स, जन साहस संस्था के सदस्यगण, अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, स्कूल के छात्र छात्राएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चिंताहरण हनुमान मंदिर पर हुआ अन्नकूट व भंडारे का आयोजन





**नलखेड़ा**। लखुंदर नदी के तट पर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर अन्नकूट व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। शनिवार रात्रि को श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई। उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। तत्पश्चात अन्नकूट व भंडारा प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। गौरतलब है कि श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर प्रति मंगलवार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं संगीतमयी भजनों का आयोजन होता है एवं प्रतिवर्ष वार्षिक उत्सव के रूप में अन्नकूट व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा गुरू सिंघ सभा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ रक्तदान शिविर



**देवास।** रक्तदान महादान जीवन का वरदान हम सभी को इस नेक कार्य में आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धा और सेवा की भावना के साथ गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रमुखों ने अरदास कर शिविर की शुरुआत की। मानवता की सेवा और जन जागरण के उद्देश्य से गुरुद्वारा साहिब देवास में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर भारतीय स्त्री शक्ति एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया शिविर में कल 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम में डॉ. अश्विन सोनगरा, डॉ. अश्विन दुबे, डॉ. वंदना चौधरी, वैद्य जगदीश, योगेश द्विवेदी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में भारतीय श्री शक्ति से डॉ.दिव्या दुबे एवं नीत अरोरा द्वारा गुरुद्वारा समिति, एचडीएफसी बैंक, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी,आरोग्य भारती की टीम, सभी रक्तदाताओं एवं स्वयंसेवकों को विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

### ऑपरेशन संकल्प के तहत देवास पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# बिना वैध पंजीयन के अवैध रूप से चिकित्सकीय उपचार करने वाले को दो साल जेल की सजा

**एडी मे चोट लगने पर लगाया था इंजेक्शन, तबीयत बिगड़ने पर लेकर गये थे जिला चिकित्सालय, जहां महिला को डॉक्टरों ने किया था मृत घोषित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में "ऑपरेशन संकल्प" की शुरुआत की गई हैं, जिसके अंतर्गत पुलिस विवेचना को अधिक से अधिक पेशेवर एंव वैज्ञानिक बनाकर समयावधि में अभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश करने पर जोर दिया जा रहा हैं । साथ ही न्यायालय द्वारा विचारण के दौरान जारी समस्त आदेशिकाओं समंन एंव वारंट की प्राथमिकता से तामिली करवाई जा रही हैं ताकि गंभीर प्रकरणों में जल्द से जल्द न्यायालयीन निर्णय प्राप्त कर पीड़ित को न्याय दिलाया जा सके। गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि होने पर स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण के विवेचक,पैरवीकर्ता एवं संपूर्ण टीम को पुरस्कृत किया जा रहा हैं जिसके चलते पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ा हैं एवं लगातार गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि प्राप्त करने में देवास पुलिस सफल रहीं हैं । इसी कड़ी में "ऑपरेशन संकल्प" के तहत 21 मई 19 को थाना पीपलरावां पर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी जसमत उर्फ पिंटू पिता कालू सिंह सेंधव उम्र 32 वर्ष निवासी मकान नंबर 13 गांव कालूखेड़ी थाना पीपलरांवा जिला देवास जो कि क्लिनिक संचालित करता है ने मृतिका को बाएं पैर की एडी में चोंट लगने पर उसके बाएं हाथ की नस में इंजेक्शन लगाया था जिससे वह बेहोश हो गई थी फिर इलाज हेतु एमजीएच अस्पताल में ले गये जंहा डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतिका को डॉक्टर जसमत उर्फ पिंटू द्वारा गलत इंजेक्शन देकर इलाज करने से उक्त महिला की मृत्यू हो गई। रिपोर्ट पर से थाना पीपलरावां पर अपराध क्रमांक 277/2019 दि 21मई 19 को धारा 304 भारतीय दंड संहिता,24 राज्य आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम,15(3) भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक राकेश चौहान के द्वारा की जाकर 28 अगस्त 19 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर चालान क्रमांक 280/2019 दिनांक 30 सितंबर 19 को तैयार किया गया । 03 अक्टूबर 2019 को प्रकरण का चालान न्यायालय पेश किया गया । प्रकरण के न्यायालय में विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा जारी समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय से कराई गई। प्रकरण की पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभियोजक अशोक चावला द्वारा अभियोजन की सटीक पैरवी एवं उक्त प्रकरण में विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना के फलस्वरूप प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल न्यायालय देवास ने आरोपी जसमत उर्फ पिंटू पिता कालू सिंह सेंधव उम्र 32 वर्ष निवासी मकान नंबर 13 गांव कालूखेड़ी थाना पीपलरांवा जिला देवास को बिना पंजीयन अवैध रूप से चिकित्सकीय उपचार करने के अपराध के संबंध में 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 6,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । प्रकरण मे कोर्ट मोहर्रिर के रुप में आर विष्णु कचनार,कोर्ट मुंशी के रुप में आर पिंकू राठौर एवं वारंट मुंशी के रुप में आर अनिरुद्ध सिंह द्वारा कार्य किया गया।पुलिस कप्तान पुनीत गेहलोद के अनुसार इस वर्ष 2025 में देवास पुलिस नें हत्या के 19,हत्या के प्रयास 12,बलात्संग के 25,छेड़खानी के 22,लूट के 01,मारपीट के 30,गौवंश तस्करी के 06,मादक पदार्थ के 05,आबकारी के 02,धोखाधड़ी के 07 में न्यायालय से कठोर दण्ड दिलवाकर पीड़ितों को न्याय दिलवाया हैं। पुलिस अधीक्षक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाली समस्त टीम को प्रशंसित करते हुए आगामी प्रकरणों में और अधिक दता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

# सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में 13 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के देवास में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने पुलिस परेड ग्राउंड में सभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, तहसीलदार सपना शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें और सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर आवागमन, बैठक की उचित व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल की उचित व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

## गुर्जर बने भौरासा युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**भौरासा।** प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए युवक कांग्रेस के संगठन चुनाव में विशाल सिंह पिता लक्ष्मीनारायण गुर्जर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भौरासा निर्वाचित हुए। विशाल वर्तमान में अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा प्रदेश महामंत्री भी है । विशाल सिंह गुर्जर पूर्व केबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के कट्टर समर्थको में माने जाते है और अपनी पार्टी के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनके निर्वाचन पर इष्ट मित्रों द्वारा हर्ष व्यक्त कर जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं क्षेत्र के कार्यकर्ता रमेश चंद्र गुर्जर, अर्जुन गुर्जर , दिनेश यादव, दिलराज गौड़ एडवोकेट, महेंद्र सिंह कीर प्रदेश अध्यक्ष हिंदू भगवा वाहिनी ,राजेश गुर्जर, मिथुन यादव, लक्की यादव, रितेश गुर्जर, दीपक नायक, सुमित गुर्जर ,शुभम गुर्जर, कार्तिक गुर्जर, प्रदीप गुर्जर, संदीप गुर्जर ,अनिल विश्वकर्मा आदि लोगों ने स्वागत किया।

# म.प्र. सॉफ्टटेनिस टीम को मिली स्वर्णिम सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ के सचिव विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि श्रीनगर(जम्मू-कश्मीर) में 1 नवंबर से 6 नवंबर 2025 तक खेली गई 22 वी सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टटेनिस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम ने दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक एवं महिला वर्ग में रजत पदक जीता।

वहीं एकल वर्ग में जय मीणा ने सभी वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। पुरूष एकल में अभिषेक परिहार कांस्य पदक, महिला एकल में आध्या तिवारी ने रजत पदक, पुरुष डबल्स में जय मीणा एवं योगेश चौधरी ने स्वर्ण पदक, पुरुष डबल्स में निपुण सांगते एवं राजवीर नागर ने रजत, महिला डबल्स में अनुष्का दवंडे एवं आद्या तिवारी ने कांस्य पदक, मिक्स डबल्स में आद्या तिवारी एवं जय मीणा ने स्वर्ण पदक, मिक्स डबल्स में योगेश चौधरी एवं अंशिका कनोजिया ने कांस्य पदक जीता। पुरुष टीम के कोच गौरव कदम एवं महिला टीम की कोच प्रीति पवार थी। खिलाड़ियों की इस उम्दा उपलब्धि पर मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की की अध्यक्ष गौरीसिंह (आईएएस), सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, देवास जिला सॉफ्ट टेनिस के अध्यक्ष महेश चौहान,प्रदेश संघ की उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम,खेल गुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, हेमेन्द्र निगम, प्रवीण सांगते, कमल सिंह आदि ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी ।

## नर्मदा परिक्रमा यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना, किया स्वागत




**देवास।** ग्राम छोटी चुरलाय से श्रद्धालुओं का एक दल नर्मदा परिक्रमा के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा बस से की जा रही है, जिसकी अवधि लगभग 18 दिन की होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु तीन ज्योतिर्लिंग सहित एक धाम के दर्शन करेंगे। यात्रा का शुभारंभ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में पूजन-अर्चन के साथ किया गया। यात्रा प्रस्थान से पूर्व मप्र शासन से सम्मानित महिला कृषक मानकुंवर राजपूत, जसवंत सोनगरा, विष्णुबाई, लीलाबाई, प्रकाशबाई, प्रेमबाई, गीताबाई, मनुबाई, रेखाबाई का ग्रामीणों ने शाल, श्रीफल और पुष्पहार से सम्मान कर स्वागत किया गया तथा उन्हें नर्मदा परिक्रमा यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालु मानकुंवर राजपूत ने इस अवसर पर कहा नर्मदा माता की कृपा से यह यात्रा आत्मिक शांति का माध्यम बनेगी। सभी ग्रामवासियों के आशीर्वाद से हम यह पवित्र परिक्रमा पूर्ण कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने यात्रा दल को मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए नर्मदा माता से उनके कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर मोहन पटेल, सचिन पटेल, मप्र जन अभियान परिषद की समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह राजपूत, दारा सिंह, योगेंद्र सिंह ने स्वागत किया।

# युवा कांग्रेस ने किया जर्जर रोड पर पानी का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला महासचिव अमन श्रीवास के नेतृत्व में स्थानीय बीमा रोड पर पानी डालकर आंदोलन किया गया। श्रीवास ने बताया कि शहर में जो बीमा रोड है यहां पर रोड की स्थिति बहुत ही खराब है, पूरा रोड खड्डों से ग्रसित है, रोड में चलने लायक सड़क भी नहीं बची हुई है, ऐसी स्थिति में कई घटना होती रहती है और बड़ी घटना भी घटित हो सकती है। इस रोड से कई बड़ी कालोनियां जुड़ी हुई है जिससे हजारों की संख्या में राहगीरों का आवागमन लगा रहता है एवं कई बड़े स्कूल इस रोड पर संचालित होते हैं। वर्तमान में यहां धूल उड़ रही है । धूल के कारण बच्चों में बीमारियां भी फैल रही है और बच्चे बीमारी से ग्रसित भी हुए हैं। यहां पर व्यापारी,राहगीर एवं बुजुर्ग व्यक्ति जो यहां पर घूमने के लिए निकलते हैं उन सभी को इस धूल के कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस रोड को जल्द ही बनवाने के लिए कई आंदोलन हुए, परंतु जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम द्वारा इस रोड की कोई सुध नहीं ली जा रही है। नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों को जागने का प्रयास भी इस पानी से किया जा रहा है। रविवार को यूथ कांग्रेस के साथियों एवं रहवासियों द्वारा सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। वैसे तो प्रतिदिन यहां के रहवासियों को धूल और धुएं से बचने के लिए पानी का छिड़काव करना होता है परंतु हमारे द्वारा प्रशासन तक इस बात को पहुंचाने के लिए प्रदर्शन किया गया। इस रोड को जल्द बनाया नहीं गया तो युवा कांग्रेस आगामी दिनों में उग्र आंदोलन को मजबूर होगी जिसकी सारी जवाबदारी निगम प्रशासन एवं जन्म प्रतिनिधियों की रहेगी। आंदोलन में मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह झाला, नवनियुक्त ब्लॉक उपाध्यक्ष शुभम सिसोदिया, नवनियुक्त युवा कांग्रेस देवास विधानसभा के महासचिव जयंत वर्मा, जसपाल सिंह सेंधव, विष्णु शिवहरे, महेश सोनी, हर्ष श्रीवास्तव, पवन बोयत, संतोष उज्जैनी, ऋतिक दुबे, आयुष श्रीवास, अनिकेत राठौर, देवराज परमार, मनन, अजय, प्रज्ञा, अजय, दीपेश गोस्वामी, हेमंत मालवी आदि उपस्थित थे।

# अन्नकूट महोत्सव और दीप उत्सव हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी युवा परिषद, जिला देवास के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव और दीप उत्सव उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसमें समाज के संत महंत दिनेश बैरागी, बंसीदास बैरागी, मोहनदास बैरागी, मनोहरदास बैरागी, चंद्रप्रकाश बैरागी, प्रियेंद्र पंडित और बलराम वैष्णव शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवास विधायक गायत्री राजे पंवार उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परिषद निलेश रामावत, प्रदेश अध्यक्ष परिषद डॉ. वीरेंद्र वैष्णव तथा प्रदेश मंत्री अजय बैरागी की उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष हरीश बैरागी एवं नवीन कार्यकारिणी का समाज प्रमुखों व अतिथियों द्वारा सम्मान किया। बड़ी संख्या में मातृशक्ति की भागीदारी ने कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाया। मार्गदर्शन आनंद शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। आभार हरीश बैरागी व मनोज शर्मा ने व्यक्त किया।

### जिले के भौंरासा क्षेत्र के गांव सुमराखेड़ी के रहने वाले पंकज बने डिप्टी कलेक्टर

# तीन प्रयासों के बाद पंकज को एमपीपीएससी में मिली सफलता





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

जिले के भौंरासा क्षेत्र के गांव सुमराखेड़ी के रहने वाले पंकज परमार का चयन एमपीपीएससी-2023 में डिप्टी कलेक्टर पद के लिए हुआ है। शनिवार को जैसे ही परिणाम घोषित हुआ तो पंकज के चयन से परिवार व गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

रविवार को पुरे गांव मे स्वागत एवं सम्मान जुलूस निकाला गया। जुलूस में सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण जन शामिल हुए। हर घर से पुष्प वर्षा कर और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## तीन प्रयासों के बाद डिप्टी कलेक्टर बने

देवास जिले के भौंरासा क्षेत्र के गांव सुमराखेड़ी के रहने वाले पंकज परमार का चयन एमपीपीएससी-2023 में डिप्टी कलेक्टर पद के लिए हुआ है। शनिवार को जैसे ही परिणाम घोषित हुआ तो पंकज के चयन से परिवार व गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। पंकज ने यह सफलता सेल्फ स्टडी करके हासिल की है। इससे पहले वो दो बार इंटरव्यू व तीन बार मेन्स परीक्षा दे चुके थे। परीक्षा के लिए पंकज ने रोजाना सात से आठ घंटे तक पढ़ाई की।पंकज के पिता समंदर सिंह परमार शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जामगोद के प्रभारी प्राचार्य हैं। माता प्रेमलता परमार गृहिणी हैं। बड़े भाई फोटोग्राफर हैं जबकि बड़ी बहन कर्मा परमार जिले के चौबाराधीरा में शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। पंकज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा देवास के उत्कृष्ट विद्यालय से पूर्ण की थी। बाद में उन्होंने बीटेक कंप्यूटर सांइस भोपाल से किया। पंकज ने बताया परिवार ने उनको हमेशा प्रोत्साहित किया।पंकज ने बताया तीन बार मेन्स परीक्षा देने व दो बार इंटरव्यू देने के बाद भी चयन नहीं होने से उनके मन में भी निराशा का भाव आया था लेकिन उन्होंने उसे अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और सतत प्रयास जारी रखा। उन्होंने कहा सफलता एक दिन में नहीं मिलती लेकिन एक दिन जरूर मिलती है। मेरा शुरू से ही डिप्टी कलेक्टर बनने का लक्ष्य था और शुरुआती असफलताओं के बाद भी इस लक्ष्य से नहीं भटका।पंकज के पिता समंदर सिंह ने बताया इतनी खुशी हो रही है कि उसे व्यक्त नहीं किया जा सकता। गांव व क्षेत्र से पहली बार कोई इतने बड़े पद के लिए चयनित हुआ है।

# भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण में महिला सरपंच को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सरपंच का चयन पंचायतराज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण में अनुभवी सक्षम महिला सरपंच के रूप में हुआ।

भोपाल में आयोजित हुए प्रशिक्षण के उपरांत भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार छतरपुरा को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। भोपाल में 05 से 08 नवंबर तक आयोजित महिला जनप्रतिनिधि सरपंच ने चार दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया।

प्रशिक्षण स्थल क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। ग्रामीण विकास एवं सुशासन के प्रति ग्राम सरपंच की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**खबर संक्षेप**

### रातोंरात जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम विजयपुरा निवासी गिरजाबाई पत्नी केशवदास ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि 6 नवम्बर की रात करीब 11 बजे उसकी आराजी नं. 957 रकवा 1.801 पर गांव के कुछ दबंगों ने रातों-रात कब्जा कर लिया। बताया कि रात में उसके खेत पर दबंगों द्वारा ट्रैक्टर चलाकर फसल खराब कर दी गयी। मौके पर पहुंचकर जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये जान से मारने पर आमादा हो गये। जहां से पीड़ित पक्ष अपनी जान बचाकर भाग आये। पीड़िता ने एसपी से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### दुकानदार ने खराब सामान देकर की मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम खरवांचपुरा निवासी यशप्रताप सिंह पुत्र गोविन्द सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 1.15 बजे बानपुर चौराहा पर आशाराम प्रजापति की दुकान में सामान लेने गया हुआ था, तभी आशाराम व परशुराम पुत्रगण मथुराप्रसाद प्रजापति ने उसे खराब सामान दे दिया, जिस पर पीड़ित ने अच्छा सामान देने की बात कही। इस पर आक्रोशित होकर दोनों भाईयों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि दोनों ने उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर किया अपमानित

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम चन्द्रापुर निवासी रोशन अहिरवार पुत्र हरपा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि बीते 6 नवम्बर कमो रात करीब 8 बजे वह अपने मकान के पास आम रास्ता पर था, तभी उसके भाई, माता पूना काम करने की जानकारी के लिए गया था। इसी बात से नाराज होकर गांव के पिन्कू बढ़ई पुत्र मंगल, भरत बढ़ई पुत्र अशोक, अभिषेक बढ़ई पुत्र जग्गू, शिवा बढ़ई पुत्र दुर्जनलाल ने एक राय होकर उसके भाई, पिता माता को जातिसूचक शब्दों के तहत गालियां देकर अपमानित किया और विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## रंगदारी मांगने के लिए ज्ञानेंद्र ढाका ने किया था सिम का उपयोग

# हिस्ट्रीशीटर को उपलब्ध कराया था सिमकार्ड, जेल वार्डर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जेल में निरूद्ध बंदी ने बागपत के स्कूल प्रबंधक से फोन कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में नया मोड आ गया है। कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को नया सिमकार्ड उपलब्ध कराने वाले जेल वार्डर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इधर जमानत पर बाहर आये बंदी सतीश ने जेल वार्डर को सिम मुहैया करायी थी, उसे भी हिरासत में लिया गया था। अब प्रभारी जेल अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बताया कि जिला बागपत के थाना चांदीनगर स्थित ढिकोली गांव में रहने वाला ज्ञानेन्द्र ढाका पुत्र कृष्णपाल को 26 जून 2025 को ललितपुर जिला कारागार में लाया गया था। बीते दिनों कुख्यात हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेन्द्र ढाका ने जेल से आधी रात के बाद बागपत के थाना दोघट अंतर्गत भडल में स्कूल संचालन कर रहे प्रबंधक कृष्णपाल राणा को फोन कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुये जान से मारने की धमकी दी थी। प्रकरण को लेकर बागपत थाने में शिकायत भी दर्ज की गयी थी। वहीं तलाशी लेने के बाद हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेन्द्र ढाका ने जेल में निरूद्ध एक और बंदी पर चम्मच से हमला कर उसे घायल कर दिया था। यह सूचना जैसे ही ललितपुर पहुंची तो यहां पुलिस व प्रशासन अलर्ट हो गया और डीआईजी कारागार प्रदीप गुप्ता ने भी कारागार पहुंच कर जांच-पड़ताल की।

### प्रभारी जेल अधीक्षक ने तहरीर देकर ज्ञानेंद्र ढाका पर एफआईआर दर्ज कराई थी



डीएम सत्य प्रकाश व एसपी मो.मुश्ताक ने जेल पहुंच कर तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ और जांच की थी, जिसके बाद कई पहलू निकलकर सामने आये थे। प्रकरण को लेकर जांच चल रही थी, इसी बीच डीआईजी कारागार की प्राथमिक आख्या पर महानिदेशक कारागार ने प्रभारी जेल अधीक्षक जीवन सिंह, उप कारापाल प्रिंस बाबू व जेल वार्डर आकाश कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया था। इधर प्रभारी जेल अधीक्षक ने तहरीर देकर ज्ञानेन्द्र ढाका पर एफआईआर दर्ज करायी थी। जांच पड़ताल के दौरान प्रकाश आया कि हाल ही में जमानत पर रिहा हुये नदीपुरा निवासी सतीश को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर सतीस ने बताया कि उसने सिमकार्ड जेल वार्डर भईया जी उर्फ शिवराम के जरिए ज्ञानेन्द्र तक पहुंचाया था। पूछताछ के बाद प्रयागराज के थाना घूरपूर के ग्राम बगबना व हाल थाना नैनी के ग्राम खरकौनी और कारागार में तैनात जेल वार्डर भईयाजी उर्फ शिवराम पर कारागार अधिनियम की धारा 42/43 व बीएनएस की धारा 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। भईयाजी उर्फ शिवराम ने पूछताछ में बताया कि वह 1995 में उ.प्र.कारागार में जेल वार्डर पद पर नियुक्त हुआ था। कारागार ललितपुर में तैनाती के दौरान उसकी मुलाकात बंदी ज्ञानेन्द्र ढाका व सतीश से हुयी। ज्ञानेन्द्र ने सतीश से जो कि पहले से बंदी था से सिम कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही, जिस पर सतीश ने जेल से छूटने पर सिम देने की बात कही। जेल वार्डर भईया उर्फ शिवराम को सतीश ने सिम कार्ड दिया, जो कि उसने ज्ञानेन्द्र तक पहुंचाया। जेल वार्डर को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उ.नि.संजय दुबे व कां.अमित शामिल रहे।

### चार बंदियों को अन्य जनपद की जेल किया स्थानान्तरित

जिला जेल से हत्या सहित अन्य मामलों में बंद चार बंदियों को रविवार को अन्य जिले की जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इन बंदियों ने जेल पीसीओ से रोजाना बात कराने की मांग को




लेकर भूख हड़ताल की योजना बनाई थी। शनिवार रात करीब 9.15 बजे जेल में दो बार इमरजेंसी अलार्म बजाया गया। सायरन की आवाज सुनकर सीओ सिटी, शहर कोतवाल, सिविल लाइन, नई बस्ती और अमरपुर मंडी चौकी इंचार्ज सहित कई पुलिसकर्मी जेल पहुंचे। बंदियों की तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। शनिवार को जब बंदियों को खाना बांटा जाने लगा, तो उन्होंने खाना लेने से इनकार कर दिया। काफी देर तक किसी बंदी द्वारा खाना न लेने पर कारण पूछा गया। इस दौरान बंदी बड़े राजा अन्य बंदियों को भड़का रहे थे कि जेल पीसीओ से रोजाना बात कराई जानी चाहिए। जेलर रामनरेश गौतम को इसकी जानकारी मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बंदियों को बताया कि जेल नियमों के अनुसार सप्ताह में केवल दो बार ही बात कराई जा सकती है। इसके बाद बंदी मान गए और उन्होंने खाना खाया। स्थानांतरित किए गए बंदियों में बड़े राजा भी शामिल हैं, जिन्होंने दो साल पहले अपनी प्रेमिका के पति की हत्या कर शव कमरे में बंद कर दिया था। ललितपुर निवासी शिवम तिवारी, सतेंद्र उर्फ रानी राजा और लूट के मामले में बंद मध्य प्रदेश निवासी रणवीर भगोले को झांसी जेल स्थानांतरित किया गया है। जेलर रामनरेश गौतम ने पुष्टि की कि चार बंदियों को रविवार को झांसी जेल स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शनिवार को बंदियों की तलाशी ली गई थी और कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

## पुलिस के साथ यातायात विभाग का अभियान

# 37 वाहनों का एमवी एक्ट की धाराओं में चालान किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी एवं चौकी प्रभारी राजघाट अर्जुन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में चंदेरी चौराहा राजघाट पर सघन चैकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चंदेरी चौराहा राजघाट पर सीटबेल्ट, हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चलाया गया सघन चैकिंग अभियान, जांच के दौरान 37 वाहनों का एमवी एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया व 3 वाहनों को सीज किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 230 वाहनों का चालान किया गया व जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।

## आर्थोपेडिक विभाग में भर्ती किया था

# एक्सीडेंट में घायल नौजवान के जटिल फ्रैक्चर का ऑपरेशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मरीज़ राजीव प्रजापति वीरेंद्र उम्र लगभद 22 वर्ष, निवासीझ ललितपुर, एक्सीडेन्ट उपरांत प्राइवेट चिकित्सालय में उपचार के बाद चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के आर्थोपेडिक विभाग में भर्ती किया गया। प्रारंभिक जाँचों के उपरांत मरीज़ को दाहिने जाँघ की हड्डी (फीमर) एवं झड़ी मेखला पेल्विस में जटिल फ्रैक्चर पाया गया। साथ में मरीज़ की ऑक्सीजन 60% पर आ चुकी थी। मरीज़ को अविलम्ब उपचार हेतु आईसीयू में ट्रांसफर कर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश आर्या द्वारा परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत डॉ. राजेश आर्या द्वारा (रक्त प्रवाह में वसा का प्रवेश कर फेफड़े में चिपक जाना) का तुरन्त उपचार किया गया। चार दिन गहन उपचार के बाद हड्डी रोग विभाग की टीम ने जाँघ की हड्डी फीमर में छोटे वीस से नेल (रॉड) डालकर फीमर फ्रैक्चर का उपचार किया। द्वितीय चरण के ऑपरेशन में पेल्विस फ्रैक्चर का एक जटिल ऑपरेशन प्रक्रिया द्वारा प्लेट एवं स्क्रू लगाकर मरीज़ को सर्वोच्च श्रेणी का पूर्ण उपचार किया गया। विशेष उपलब्धता यह रही कि इस प्रकार का जटिल ऑपरेशन ललितपुर जिले में प्रथम बार हुआ है। उक्त ऑपरेशन के दौरान स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के आर्थोपेडिक्स विभाग की टीम में डॉ. सौरभ साहू सह आचार्य, डॉ. शुभम असाटी , सहायक आचार्य, डॉ. एम.सी गुप्ता, वरिष्ठ परामर्शदाता, डॉ. निरभय नारायण सिंह, ऑर्थो सर्जन, डॉ. चेतनराज, निश्चेतना विशेषज्ञ, आदि शामिल थे। डॉ. मयंक कुमार शुक्ला, प्राचार्य द्वारा मरीज़ से बातचीत की एवं आर्थोपेडिक्स विभाग की पूरी टीम को ऑपरेशन करने पर बधाई दी।

## ग्राम दैलवारा में चौपाल पर 32 ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण की

# पृथक बुंदेलखंड के बगैर बुंदेलखंडवासियों की समग्र खुशहाली व विकास असंभवः कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के जनजागरण के लिए ग्राम दैलवारा में एक चौपाल आयोजित की गई। जन जागरण चौपाल के दौरान ग्राम दैलवारा प्रधान पर्वतलाल कुशवाहा एडवोकेट की अगुवाई में 32 ग्रामीणों ने बुन्देलखण्ड विकास सेना की सदस्यता ग्रहण की गई।

इस मौके पर बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि राम राज्य की परिकल्पना बुन्देलखण्ड वासियों की समग्र खुशहाली और विकास के बगैर असम्भव है। उन्होंने जनजागरण चौपाल में ग्रामीणों से सहयोग और समर्थन मांगा और बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के औचित्य के बारे में विस्तार से बताया गया । इस मौके पर बु. वि. सेना के तार्किक सहयोग के आवाहन से प्रभावित होकर 32 लोगों ने बु. वि. सेना की सदस्यता ग्रहण करते हुए बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण आन्दोलन में सहयोग का आश्वासन दिया ।

### 11 वर्ष पहले तत्कालीन केंद्रीय मंत्री उमाभारती ने बुंदेलखंड प्रांत निर्माण की बात कही थी

बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि आज से 11वर्ष पहले तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री उमा भारती ने 3 साल में बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण की बात कही थी परंतु इतने सालों के बाद नतीजा सिफर रहा। उन्होंने कहा कि कब तक केन्द्र और राज्य सरकारें गरीब और भोलेभाले बुन्देलखण्ड वासियों को बेवकूफ बनाती रहेंगी। हमारा बुन्देलखण्ड वर्षों से गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, उद्योग शून्यता, अतिवृष्टि, सूखा, आदि का दंश झेल रहा है और बगैर पृथक बुन्देलखण्ड प्रांत के क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन आगे भी ऐसी जनजागरण चौपालों का आयोजन करता रहेगा ।जन-जागरण रैली के दौरान दैलवारा ग्रामप्रधान पर्वतलाल कुशवाहा एडवोकेट, संतोष अहिरवार , रतिराम बरार , भगवानदास सेन , घनश्याम सेन , रामदास सेन , दौलतराम (बाबा) , कोमल कुशवाहा , मंचू मालवीय , मुन्ना मालवीय , सूर्याप्रताप बुंदेला , सन्जू बरार , बन्दू सेन , जितेन्द्र कुशवाहा , संजय कुशवाहा , लकी बालमिकी , कौशव कुशवाहा , नैतिक कुशवाहा , भज्जू कुशवाहा, नथ्थू अहिरवार कंछेदी कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, अमित कुशवाहा, कमल कुशवाहा, राजेश सेन, मन्नू अहिरबार, नवीन पटेल एडवोकेट, हेमन्त रोड़ा, मगन सोनी, आनंद मोहन दुबे , अजय जैन, गोपी डोडवानी, राजकुमार कुशवाहा, अमरसिंह बुन्देला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन संज्ञा ने किया।

**बुंदेलखंड खंड विकास सेना की मांग यूपी, एमपी तोड़ दो**

## मुक्ति धाम पर चलाया सफाई अभियान

# झाड़ू लगाई, कचरा उठाकर दिया स्वच्छता और सफाई का संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के गांधीनगर वार्ड नंबर द्वितीय में रविवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि एवं वीर बुंदेली समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुक्ति धाम परिसर में झाड़ू लगाकर, कचरा उठाकर और गंदगी साफ कर सफाई का संदेश दिया।

अभियान के दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी आदत और जिम्मेदारी बननी चाहिए। स्वच्छ परिसर ही सुंदर समाज की पहचान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कचरा न फैलाएं। संस्था के कार्यकर्ताओं ने मुक्ति धाम परिसर में झाड़ू लगाने के साथ पौधों को पानी दियाँ और वहां पड़े प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर निस्तारित किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी स्वेच्छा से अभियान में हिस्सा लिया और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में वीर बुंदेली संस्था के सदस्य, वार्डवासियों एवं युवाओं की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि मुक्तिधाम सहित पूरे वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उसका मुख्य उद्देश्य है कि स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में सकारात्मक संदेश देना। इस दौरान वार्डवासियों के अलावा अनेक संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

## घटना मजरा नयाखेड़ा के पास हुई

# सड़क हादसे में युवक की मौत, शव लहूलुहान मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ललितपुर जिले के करगन मार्ग पर रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक रवि यादव की मौत हो गई। नहर के पास उसका शव लहूलुहान मिला। इस हादसे में उसका चचेरा भाई हुकुम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह घटना कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम करगन के मजरा नयाखेड़ा के पास हुई।

स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 7 बजे हाईवे से करगन जाने वाले मार्ग पर बाबा के चबूतरा के पास रवि यादव को मृत और हुकुम यादव को गंभीर घायल अवस्था में देखा। मौके पर एक मोटरसाइकिल भी मिली, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वे रात में घर लौटते समय दुर्घटना का शिकार हुए। मृतक रवि यादव पुत्र दातार सिंह ट्रैक्टर चालक था। वह अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था और खेती-किसानी व ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घायल हुकुम यादव पुत्र ओमकार यादव भी 22 वर्ष का है। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे रवि और हुकुम किसी काम से मोटरसाइकिल से ललितपुर गए थे। परिवार को आशंका है कि ललितपुर से लौटते समय किसी वाहन से टक्कर या अन्य कारणों से यह दुर्घटना हुई होगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। रवि यादव के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पंचतत्व में विलीन हुए मुनि मौनसागर महाराज भक्तों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



समाधिस्थ मुनि भूतबलि सागर महाराज के शिष्य महासाधक मुनिराज मौनसागर महाराज की यम सल्लेखना के 14 वें दिन शुक्रवार-शनिवार दरमयानी रात्रि समाधिमरण हो गया। अंतिम डोल यात्रा शनिवार को त्रिमूर्ति मंदिर से निकाली गई। जिसमें कई स्थानों से आए जैन समाजजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जैन समाज सुसनेर में चातुर्मास हेतु विराजित मुनिराज 108 मौनसागर महाराज की यम सल्लेखना चल रही थी।

मुनिश्री के यम सल्लेखना की जानकारी लगने पर नलखेड़ा में इस वर्ष वर्षावास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. 6 नवंबर को नगर से उग्र विहार कर 7 नवंबर को सुसनेर पहुंच गए थे। जहां 7 व 8 नवंबर की दरमियानी रात्रि 2 बजे के लगभग मुनि विवर्धनसागर, प्रवर्तक मुनि विश्वनायक सागर, श्रमण श्री मुनि सागर एवं श्रमण मुनि श्री मुक्तिसागर के निर्यापकत्व में णमोकार महामंत्र श्रवण करते हुए मुनिश्री मौनसागर महाराज का सल्लेखनापूर्वक समाधिमरण हुआ। शनिवार को उनकी अंतिम संस्कार हेतु डोल यात्रा प्रातः 8ः बजे त्रिमूर्ति मंदिर से प्रारंभ हुई। डोल यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मुनिश्री के अंतिम दर्शन हेतु सड़कों पर तथा अपने-अपने मकान की गैलरी व छत पर जमा थे। डोल यात्रा प्रमुख मार्गों से होकर अंतिम संस्कार स्थल त्रिमूर्ति मंदिर क्षेत्र पर पहुंची जहां पर विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ मुनि श्री का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर नगर सहित अन्य स्थानों से आए भक्तों ने भाग लेकर मुनिश्री को श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनांयजलि दी।

## युवा उत्सव के दूसरे दिन पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# जिले भर से आए विद्यार्थियों ने मूक अभिनय मूर्तिकला, स्किट विधा में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा उत्सव के तहत दूसरे दिन रचनात्मकता पूर्ण विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने मुख्यतः मूक अभिनय, स्किट, तथा मूर्ति कला विधाओं में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। मूक अभिनय के






माध्यम से छात्राओं ने एसिड अटैक तथा महिला शोषण जैसे गंभीर विषय पर अपने प्रभावी अभिनय से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित हास्य नाटिका में साइबर अपराध तथा अंधविश्वास को मूल में रख विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय प्रदर्शन किया। नाटिका के माध्यम से साइबर अपराध के विरुद्ध सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में आयोजित मूर्ति कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रसोईघर में प्रयुक्त होने वाले पात्रों को मिट्टी का आकार देकर अपनी सृजनात्मक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर व सीएस ने अपने स्तर से चिरायु अस्पताल में कराया बालक का ऑपरेशन

# न आधार था, न आयुष्मान...कलेक्टर की पहल पर मिली नई जिंदगी



**गाल ब्लेडर की बीमारी से जूझ रहा था 14 वर्षीय बालक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गरीब और वंचित वर्ग से जुड़े राजगढ़ निवासी एक 14 वर्षीय बालक के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा रहनुमा साबित हुए हैं। गाल ब्लेडर की बीमारी से पीड़ित इस बालक के परिजनों की माली हालत ऐसी नहीं थी कि वे उसका ऑपरेशन करवा सकें। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने पित्ताशय में स्टोन निकालने के ऑपरेशन हेतु हजारों रुपए का खर्च बताया था। यहां विडंबना यह थी कि संबंधित बीमार बालक के पास आधार कार्ड न होने से बीपीएल सूची से भी उसका नाम भी कट चुका था। इस वजह से अल्प समय में उसका आयुष्मान कार्ड बनना भी संभव नहीं था।

उधर, डॉक्टरों ने यहां तक कह दिया था कि यदि 3-4 दिनों में ऑपरेशन नहीं हुआ तो बालक की जान भी जा सकती है। पूरा मामला कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संज्ञान में आने पर उन्होंने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा को किसी भी तरह से बच्चे का ऑपरेशन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर लगातार इसकी मॉनिटरिंग करते रहे। गत 3 नवंबर को इस बालक का भोपाल के चिरायु अस्पताल में सफल ऑपरेशन हुआ और वह वो पूरी तरह स्वस्थ होकर वापस अपने घर लौट चुका है।

### ऐसे सामने आया था मामला

राजगढ़ के सीएम राईज स्कूल की कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 14 वर्षीय बालक सूरज पिता नीतेश वाल्मीकि गाल ब्लेडर की बीमारी से जूझ रहा था। पहले परिजनों ने उसका इलाज जिला अस्पताल में करवाया लेकिन बाद में वे उसे झालावाड़ ले गए। झालावाड़ में ऑपरेशन का खर्च वहन करने में परिजन सक्षम नहीं थे। ऐसे में झालावाड़ के ही अस्पताल में अपने ईलाज के लिए गई कृषि विभाग एवं आजीविका मिशन की कृषि सखी सोनम राठौर ने उक्त विडंबना को लेकर एक वीडियो वायरल करते हुए राजगढ़ के उच्चाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई।

### कलेक्टर ने झालावाड़ से बुलवाकर भिजवाया भोपाल

कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संज्ञान में यह मामला आने पर उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा को किसी भी तरह सूरज वाल्मीकि के ऑपरेशन का दायित्व सौंपा। शर्मा ने अपने स्तर से सूरज को राजधानी भोपाल के चिरायु अस्पताल में एडमिट करवाया। यहां उन्होंने अपने परिचित डॉक्टर्स एवं संपर्कों के आधार पर चिरायु अस्पताल के संबंधित चिकित्सकों को पूरी व्यथा बताई कि बालक का आयुष्मान कार्ड नहीं है। इसके साथ ही इतना समय भी नहीं है कि त्वरित रूप से उसका आधार कार्ड बनवाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सके। पूरी व्यथा सुनकर चिरायु अस्पताल के चिकित्सकों व प्रबंधन ने भी मानवीयता का परिचय देते हुए गत 03 नवंबर को सूरज का सफल ऑपरेशन किया। सूरज के पूरी तरह ठीक होने पर शुक्रवार को उसे अस्पताल से छुट्टी देकर घर के लिए रवाना कर दिया गया।

# लेनदेन के वायरल ऑडियो के संबंध में गठित हुई जांच कमेटी

### एसडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी सूक्ष्मता से जांच


पीड़ा सुनाते हुए फफककर रोने लगे पीड़ित डिप्टी रेंजर, एसपी से की शिकायत
डिप्टी रेंजर को आरामशीन संचालकों और विधायक से मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों वन महकमे के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने आरामशीन संचालकों एवं खिलचीपुर विधायक द्वारा जान से मारने की धमकियां देने की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। शिकायत के बाद सोनगिरा की भी कुछ कॉल रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं जिनमें वे विभाग के ही रेंजर, ड्राइवर को रुपए देने की बात कह रहे हैं। एक अन्य रिकार्डिंग में भी आरामशीन संचालक या अन्य व्यक्ति से हुई बातचीत में सोनगिरा द्वारा रुपयों के खुले लेनदेन की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला वनमंडालाधिकारी बेनीप्रसाद दोतानिया ने पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच करने राजगढ़ एसडीओ दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जारी आदेश में उल्लेख है कि उक्त कमेटी आगामी 03 दिवसों में अपना जांच प्रतिवेदन तैयार कर डीएफओ के सम्मुख प्रस्तुत करेगी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधितों पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### खिलचीपुर विधायक से भी मिले थे आरामशीन संचालक

कौन सही और कौन गलत जैसे इस पैंचीदा मामले को लेकर शुक्रवार को कई आरामशीन संचालकों ने खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी से भी भेंट की थी। खिलचीपुर रेस्ट हाऊस में आरामशीन संचालकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज करवाई की डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा सहित उड़नदस्ते की टीम उन्हें लगातार परेशान करते हुए पैसों की मांग करती है। आरामशीन संचालकों के पास वैध लायसेंस होने के बावजूद उन्हें सोनगिरा व विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा रिश्वत देने हेतु धमकाया जा रहा है।

### दरबार बने खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

*कुरावर। गुरुवार रात्रि चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय युवक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया द्वारा युवा संगठन अध्यक्ष डॉक्टर अजय पटेल सीहोर की सहमति से चंद्रवंशी खाती समाज युवा संगठन के उपाध्यक्ष पद पर नगर के होनहार कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता अनिल दरबार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। अनिल दरबार वर्तमान में कुरावर नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद भी हैं। दरबार की इस नियुक्ति पर समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल लाइनमैन, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बाला प्रसाद चंद्रवंशी, नगर अध्यक्ष कैलाश वकील, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश राज, मार्गदर्शक रामसहाय जामलिय, जिला अध्यक्ष अरविंद कलमोदिया, सरपंच माना एवं इष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।*

# बोड़ा के वार्ड 6 और 7 में लटक रहे बिजली के तारों से खतरा, हो सकता है हादसा

### लोगों ने कहा - देवी मार्ग पर खतरे की लटकती बिजली लाइन

**ब्यावरा-बोड़ा।** नगर बोड़ा के वार्ड क्रमांक 6 और 7 स्थित शक्तिबढ़ मोहल्ला, मां चामुंडा माता मंदिर मार्ग पर विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। यहां बिजली की केबल और तार जमीन से मात्र 5 फीट की ऊंचाई पर लटके हुए हैं, जिससे राहगीरों, आमजन और मवेशियों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई दिनों से तार नीचे झूल रहे हैं, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा अब तक कोई सुधारात्मक कार्य नहीं किया गया है। मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और बच्चों को हर समय करंट लगने का डर बना रहता है। नागरिकों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते तारों को ऊँचा नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विशेषकर शाम और रात के समय जब रोशनी कम होती है, तब दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई कर तारों को सुरक्षित ऊँचाई पर करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### थाना प्रभारी का किया सम्मान

**कुरावर।** विगत दिनों नगर में पेंशनर बाबूलाल शर्मा के साथ हुई 50 हजार ठगी के आरोपियों को पुलिस द्वारा दो दिनों में पकड़कर गिरफ्तार करने पर पेंशन संघ कुरावर द्वारा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मावई का सम्मान किया। इस अवसर पर पेंशन संघ अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, संयोजक ललित गुरगेला, श्रीवल्लभ शर्मा, बीपी वर्मा, कृष्णवल्लभ शर्मा, नन्नूलाल शर्मा , रसीद सर, शिवसिंह रघुवंशी, इंताब खान आदि उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड कार्यक्रम का पांचवां चरण संपन्न

**शुजालपुर।** ग्राम जामनेर में शनिवार रात को बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी के साथ साढ़े बारह हनुमान मंदिरों पर हो रहे सुंदरकांड कार्यक्रम का पांचवे चरण का समापन सम्पन्न हुआ। पांचवे शनिवार को कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस कमेटी के अजा विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राधाकिशन मालवीय शामिल हुए। उन्होंने दरबार के दर्शन लाभ लिए। साथ ही शुजालपुर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अजयपाल सिंह जादौन, एडवोकेट ईश्वर सिंह उमठ, मप्र संस्कृति व धर्मस्व विभाग के मंत्री माखनसिंह चौहान के दामाद एडवोकेट अजयसिंह चौहान, एडवोकेट मांगीलाल मालवीय, जामनेर मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष दिल्ली दरबार, प्रसिद्ध भजन गायक आनंद शर्मा, मुन्ना सरकार देवास, भजन गायक हरीश सोनी के साथ ही अन्य अतिथि शामिल हुए। सुंदरकांड का पाठ जय सीताराम सुंदरकांड मंडली धाकड़ खेड़ा के संचालक छगनलाल धाकड़ की मंडली द्वारा की जा रहा है।



ज्ञातव्य है कि ग्राम जामनेर के सभी साढ़े बारह हनुमान मंदिरों पर प्रति शनिवार को सुंदरकांड कार्यक्रम का आयोजन करने का संकल्प जामनेर निवासी एडवोकेट अमित मालवीय द्वारा लिया गया है। अब तक पांच मंदिरों में यह कार्यक्रम धर्मप्रेमी बंधुओं के सहयोग से सफलतम रूप से संपन्न हुआ है। अगला सुंदरकांड कार्यक्रम ग्राम जामनेर के बागरी पूरा हनुमान मंदिर पर 15 नवंबर को शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त कार्यक्रम में भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रेमनारायण पाटीदार पटेल की ओर से बागरीपुरा हनुमान मंदिर पर की जाएगी। शनिवार देर रात को स्टैंड वाले हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम के सफल होने पर पत्रकार अमरीश पुरी गोस्वामी, एडवोकेट अमित मालवीय, प्रवीण विश्वकर्मा, राजाराम बारोड, मुकेश धाकड़ दरबार, राकेश अहिरवार, दिलीप अहिरवार, संजय पुरबिया, पवन अहिरवार, मंगलसिंह मालवीय, गोवर्धनसिंह अहिरवार, बद्री प्रसाद अहिरवार, बद्री अहिरवार, बाबूलाल मस्ताना आदि ने कार्यक्रम का आभार माना।

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी में कॅरियर काउंसिलिंग सेमिनार आयोजित



**जीरापुर।** एडवांस्ड किड्स एकेडमी में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के भविष्य एवं उचित मार्गदर्शन हेतु प्रेरणादायक कॅरियर काउंसिलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य काउंसलर गुंजन चंद्रायन एवं आस्था चंद्रायन ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, सफलता के लिए आवश्यक कोशल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शुरुआत में विद्यालय प्राचार्य ई. के. जोशी ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका रूपाली धाकरे ने किया। गुंजन चंद्रायन एक अनुभवी शिक्षाविद्, कॉर्पोरेट ट्रेनर और करियर कोच हैं, जिन्हें 22 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

कार्यक्रम में ओलिवर पब्लिकेशंस, इंदौर के को-फाउंडर शुभम छापरवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेमिनार विद्यार्थियों में जागरूकता और आत्मविकास की भावना को प्रोत्साहित करते हैं , काउंसलर्स ने करियर से जुड़े प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे सार्थक और उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### जगदीश काका का आकस्मिक निधन क्षेत्र में शोक की लहर



छापीहेड़ा। सरल स्वभाव के धनी जगदीश काका (राव साहब) अब इस दुनिया से अलविदा हो चले, लेकिन अपने पूरे जीवन में संघर्ष कर नाती पोतों को प्यार दुलार हंसी खुशी के साथ पूरे परिवार को सार्थक रूप से एक माला की तरह संजोए रखना एक पिता ही कर सकता है। परंतु अपने आत्मविश्वास के साथ सभी भाइयों का साथ देना तथा सही राह के पायदान पर सबको बराबरी से चलाना उनकी यह सरल कार्यशैली थी लगभग 62 वर्षीय काका अस्वस्थ स्थिति में इंदौर के हॉस्पिटल मैं भर्ती थे शनिवार की दोपहर उनकी सांसे अचानक थम गई यह खबर सुनते ही पूरे छापीहेड़ा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई उनके पार्थिव देह को वापस निज निवास छापीहेड़ा लाया गया समूचे नगर में इस घटना की खबर से शोक मय सनसनी व्याप्त हो गयी अत्यंत सहज सरल व्यक्तित्व जो निरंतर हर समाज मैं अपनी सहानुभूति के माध्यम से जाने जाते थे तथा सभी से हाथ जोड़कर बात करने वाले और अपनी धुन में मग्न रहने वाले काका सबसे मिलजुलकर रहते थे तथा हंसते-हंसते बातें करते थे आज छापीहेड़ा सेंदरा रोड स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार होगा।

# युवा उत्सव जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर के छात्र-छात्राओं के द्वारा युवा उत्सव (2025-26) अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया के निर्देशन में और युवा उत्सव प्रभारी डॉ. विमल लोदवाल के सहयोग से इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में श्याम सिसोदिया (बीएससी तृतीय वर्ष) ने क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया चित्रकला प्रतियोगिता में उजमा खान (बीकॉम द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं भाषण प्रतियोगिता में दुर्गेश चंद्रवंशी (बीएससी द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया सभी छात्र-छात्राओं को



महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा बधाइयां प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इन सभी प्रतियोगिताओं दल प्रबंधक के रूप में धर्मेंद्र कुमार खैरवार सोनम करोड़िया और डॉ.फारूक पठान एवं विशेष सहयोगी के तौर पर पवन सिंह राजपूत उपस्थित रहे। इन सभी प्रतियोगिताओं का संचालन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा जिला राजगढ़ द्वारा संपन्न कराया गया।

# माध्यमिक विद्यालय बिलोदा पाल में बच्चों को स्वेटर व पेन वितरित



**सारंगपुर।** शीत ऋतु के आगमन पर माध्यमिक विद्यालय बिलोदा पाल में बच्चों को स्वेटर एवं पेन वितरित किए गए। वितरण के दौरान सभी बच्चे स्वेटर पाकर अत्यंत प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में बीआरसी बी.एल. वर्मा, जन शिक्षक गोविंद मालवीय, प्रदीप सोमतीया, शिक्षिका संजू भिलाला, सुनीता मालवीय, शिक्षक रमेशचंद्र नायक, गोपाल शर्मा, केसर सिंह भिलाला एवं लोकेश सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीआरसी बी.एल. वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वेटर एवं पेन देना एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल है। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना सबसे बड़ा नेक कार्य है। उन्होंने अन्य विद्यालयों से भी अपील की कि ठंड के मौसम को देखते हुए इस प्रकार के कार्यों में ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण भी आगे आएं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिकाओं संजू भिलाला एवं सुनीता मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### चलित लैब टीम ने 40 दुकानों के दुग्ध पदार्थों का सैंपल लेकर की जांच

# दूध का दूध, पानी का पानी अभियान में दूध में यूरिया की मिलावट की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में दूध एवं दूध निर्मित खाद्य पदार्थों में मिलावट के अनेकों मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं। इसी के दृष्टिगत प्रशासन एवं दुग्ध संघ भोपाल द्वारा मिलावट की जांच हेतु सांची चलित लैब बुलवाई गई है जिससे न केवल प्रतिष्ठानों बल्कि आमजनों के घरों में उपयोग हो रहे खाद्य पदार्थों की जांच भी की जा रही है। इसी कड़ी में ब्यावरा नगर में विभिन्न स्थानों पर सांची संघ से प्रत्यायोजित सांची लेबोरेटरी के द्वारा मिल्क, घी के नमूनों की जांच की गई। जांच के दौरान अपना नगर कॉलोनी के आम उपभोक्ता अपने घर से दूध एवं दूध से बने हुए खाद्य पदार्थ लेकर लेबोरेटरी में जांच करवाने पहुंचे। यहां दूध के 38 एवं एक घी का नमूना जांच में लिया गया।



जांच में 12 उपभोक्ताओं के दूध में पानी की मात्रा अधिक होना पाई गई एवं घी का सैंपल मानक स्तर का पाया गया। इसके साथ ही दूध के एक अन्य सैंपल में यूरिया का प्रतिशत सामान्य से कुछ अधिक पाया गया। इसी प्रकार नीम चौराहा स्थित आसपास की कॉलोनियों, बस्तियों से दूध, घी के 35 सैंपल जांच करवाई गई जिनमें से 9 सैंपलों में पानी की अधिकता में पाई गई। इसी तरह शिवधाम कॉलोनी से दूध के 32 सैंपलों की जांच में 8 नमूने में पानी की मात्रा काफी अधिक पाई गई।

### प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर भी की जांच

जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि ब्यावरा शहर में भ्रमण के दौरान चलित लेबोरेट्री से श्री राम दूध डेयरी, राधा-कृष्ण दूध डेयरी पर दूध की की जांच की गई। जांच के दौरान दूध मिलावटी होने की शंका पर श्रीराम दूध डेरी पर मिक्स मिल्क का नमूना जांच में लिया गया वहीं राधा-कृष्ण दूध डेयरी सेघी एवं बटर के सैंपल जांच के लिए लिए गए। कलेक्टर राजगढ़, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल के मार्गदर्शन में चलित लैब से उक्त जांच आगामी दिनों में राजगढ़ सहित अन्य शहरों में भी की जाएगी।

# विवेकानंद विचार मंच ने किया मुक्तिधाम सेवा समिति अध्यक्ष बारकिया का सम्मान



**सारंगपुर।** विवेकानंद विचार मंच सारंगपुर द्वारा नवनिर्वाचित मुक्तिधाम सेवा समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंच संयोजक मोहन पुष्पद 'ईशान', सदस्य गुरुचरण गौड़, सुरेश चैहान, सुरेश राठौर, श्याम चैहान एवं राहुल राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच के सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर बारकिया का स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि अनिल बारकिया एक युवा, ऊर्जावान और सेवा भावना से ओत-प्रोत व्यक्तित्व हैं, जिनके नेतृत्व में मुक्तिधाम सेवा समिति का कार्य और अधिक सशक्त होगा। मंच द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा का भी आभार व्यक्त किया गया कि उन्होंने समिति का दायित्व एक युवा एवं कर्मठ व्यक्ति को सौंपकर जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल बारकिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे।